# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-183 | सागवाड़ा, गुरुवार, 10 मार्च, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)




# पांच राज्यों में जीत पर गोल चौराहा और मांडवी चौक पर आतिशबाजी

**सागवाड़ा।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर सागवाड़ा के भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से गोल चौराहे और मांडवी चौक पर आतिशबाजी की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश, मणिपुर, उत्तराखंड और गोवा में भाजपा को बहुमत मिलने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सांसद कनकमल कटारा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के गोल चौराहे पर मोदी और योगी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी की और पटाखे फोड़े। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई बाटकर अपनी खुशी का इजहार किया। गोल चौराहे से रैली की रूप में कार्यकर्ता मांडवी चौक पहुंचे और नारेबाजी के साथ मांडवी चौक पर भी आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटी। कार्यक्रम में विचार परिवार से उमाकांत व्यास, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पाटीदार, सागवाडा प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा, पूर्व पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, पूर्व पालिका अध्यक्ष बदामीलाल मेहता, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नारायणलाल दर्जी, नेता पतिपक्ष हरीश सोमपुरा, नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, नगर महामंत्री नीरज पंचाल, मांगीलाल डामोर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटिक, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिलीप मोड़ पटेल, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय पंचाल, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया, जनजाति मोर्चा नगर अध्यक्ष वासुदेव अहारी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जगदीश मोची, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष भूपेश पंवार, ओबीसी मोर्चा के विपुल पंचाल, संजय भावसार,नरेश प्रजापत,कचरूलाल पाटीदार, सिद्धनाथ मंडल अध्यक्ष पवित्रा जोशी, प्रदीप गामोठ, पार्षद मंगलेश वाडेल, पार्षद रेखा कटारा ,पूर्व पार्षद नानालाल दर्जी, तारिक शेख, पूर्व पार्षद जावेद इरफान, शैलेश पंड्या, योगेश संघवी, युवा मोर्चा महामंत्री भावेश माली, जुगल पंवार, सोशल मोडिया नगर सह संयोजक लक्ष्यराज शर्मा मौजूद थे।

## मौताणा तय होने के बाद परिजन शव लेने के लिए हुए राजी

### संचिया गांव में ट्रेक्टर-ट्रोली के नीचे दबने से हुई दो श्रमिको की मौत के मामले में मौताणा तय होने पर 36 घंटे बाद शवो का पोस्टमार्टम हो पाया

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के संचिया गांव में ट्रेक्टर-ट्रोली के नीचे दबने से हुई दो श्रमिको की मौत के मामले में मौताणा तय होने पर 36 घंटे बाद शवो का पोस्टमार्टम हो पाया। ट्रेक्टर-ट्रोली मालिक व सरपंच से एक-एक लाख रुपए मौताणा तय होने पर परिजन राजी हुए जिसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। 8 मार्च की रात्रि को हुए हादसे में 2 श्रमिको की मौत व 5 श्रमिक घायल हुए थे। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की 8 मार्च की रात को संचिया गाँव में मजदूरो के लेकर लौट रही एक ट्रेक्टर-ट्रोली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला सहित 2 श्रमिको की मौके पर ही मौत हो गई थी। वही 5 श्रमिक घायल हो गए थे। जिसके बाद पुलिस ने संचिया निवासी 45 वर्षीय काली भगोरा व 32 वर्षीय रामा का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था और घायलों को भर्ती करवाया था। इधर मृतको के परिजनों ने कल मौताणे की मांग को लेकर शवो का पोस्टमार्टम नहीं करवाया था। दोनों मृतको के परिजन 12 लाख रुपए की मौताणे की मांग ट्रेक्टर-ट्रोली मालिक व सरपंच से एक-एक लाख रुपए मौताणे की मांग पर अड़े हुए थे। कल दिनभर संचिया गाँव में परिजनों व सरपंच के बीच मौताणे को लेकर वार्ता का दौरा चलता रहा वही जिला अस्पताल में दोनों शव पोस्टमार्टम के इन्तजार करते रहे। वही पुलिस की ओर से कल दिनभर दोनों पक्षों के बीच समझाइश भी करती रही। इधर देर शाम मृतको के परिजनों व सरपंच के बीच एक-एक लाख रुपए मौताणे की बात तय हुई जिसके बाद परिजन शवो के पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। वही मौताणा राशि तय होने के बाद आज सुबह दोनों मृतको के परिजन व पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे जहा पर आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों शवो का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है की मृतका काली भगोरा की 11 संतान है जिसमे 2 लड़के व 9 लडकिया है। वही मृतका काली के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। ऐसे में अब काली की मौत के बाद से 11 बच्चे अनाथ हो गए है। इधर दूसरे मृतक लाला भगोरा के 5 संताने है। वही लाला की मौत के बाद इन 5 बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया है।

## राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ की बैठक हुई

**डूंगरपुर।** राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ की बैठक नवा महादेव मंदिर डूंगरपुर में बुधवार को हुई। इसमें जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। संरक्षक दिलीप शर्मा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जैन तथा जिला अध्यक्ष देवीलाल पाटीदार की उपस्थिति में हुआ। जिला मंत्री महेश व्यास ने बताया कि कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनराज लबाना, जिला महिला मंत्री शशि कला परमार, जिला महिला संगठन मंत्री लता दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष कांतिलाल पाटीदार, डूंगरपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश व्यास, मंत्री सोहन लाल यादव, महिला मंत्री कमला खांट को मनोनीत किया। दोवड़ा ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र गमोठ, मंत्री केशव पंड्या, बिछीवाड़ा ब्लाक अध्यक्ष पंकज पंड्या, मंत्री जयंती लाल यादव, प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह राजावत, जिला वरिष्ठ संगठन मंत्री कालूराम परमार को मनोनीत किया। बैठक के बाद पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को एमडीएम कन्वर्जन की राशि बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि महंगाई को ध्यान में रखते हुए राशि बढ़ाना ही आवश्यक है। वह कुक कम हेल्पर का भी मानदेय बढ़ाया जाए। साथी ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने पर मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद पत्र भी प्रेषित किया गया।

## लापता किशोरी का कुएं में मिला शव, हाथ पर लिखे नाम से हुई शिनाख्त

### सागवाडा थाना पुलिस कर रही मामले की जांच

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के आरा गाँव में एक कुए में किशोरी का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने मृतका की पहचान माणकपुरा निवासी सुनीता के रूप में की है। सुनीता कल शाम से घर से लापता थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। डूंगरपुर जिले के सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया की आज गुरुवार दोपहर को थाने पर सुचना मिली की आरा गांव में स्कूल के पीछे कुए में एक किशोरी का शव पड़ा हुआ है। जिस पर सागवाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। मौके पर मौजूद आरा गांव निवासी नवनीत पाटीदार ने बताया की वह दोपहर एक बजे अपने कुए पर आया था इस दौरान उसने कुए के पास चप्पले पड़ी हुई देखी और वही कुए में एक किशोरी का शव पड़ा हुआ देखा। वही इसके बाद पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को कुए से बाहर निकाला। वही शव निकालने के बाद किशोरी के हाथ पर सुनीता नाम लिखा हुआ था। जिसके बाद सागवाडा थाना पुलिस ने मृतका की शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किये। जिसके बाद पुलिस ने मृतका की पहचान माणकपूरा निवासी 17 वर्षीय सुनीता पुत्री खेमचंद के रुप में की। जिस पर पुलिस ने मामले की सुचना माणकपूरा निवासी किशोरी के परिजनों को दी। सुचना पर मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने मौके पर पहुँचने के बाद पुलिस को बताया की सुनीता ने 10 कक्षा तक पढ़ाई की थी और उसके बाद स्कूल छोड़ दिया था। कल बुधवार शाम को सुनीता अपने घर से निकली थी और रात तक घर नहीं आई। इसके बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन सुनीता का कही भी कोई सुराग नहीं लगा था। परिजनों से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने सुनीता के शव को मौके से उठवाकर सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर मृतका के पिता किसान है। वही मृतका सुनीता के तीन भाई और दो बहने है जिसमें ये सबसे छोटी थी।

## शराब पीने के लिए पैसे मांगकर परेशान करने व पथराव के दो आरोप गिरफ्तार, 3 बाल अपचारियो को किया डिटेन

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले की चौरासी थाना पुलिस ने डूंगरपुर-सीमलवाडा स्टेट हाइवे पर वाहनों व राहगीरों को रोककर शराब के लिए पैसे मांगकर परेशान करने व पथराव के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वही मामले में पुलिस ने 3 बाल अपचारियो को डिटेन किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की 5 मार्च को देर शाम डूंगरपुर-सीमलवाडा स्टेट हाइवे पर गोरादा-लाडसोर गाँव की सीमा पर 15 के करीब बदमाश सड़क से गुजरने वाले राहगीरों व वाहनचालको को अवैध रूप से रोककर शराब पीने के लिए राशि मांग रहे थे। वही शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने वाले वाहन चालको पर पथराव किया था। इस दौरान कई लोग घायल हुए थे। लोगो ने घटना की जानकारी चौरासी थाना पुलिस को दी थी। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी लेकिन सभी बदमाश पुलिस को देखकर फरार हो गए थे। पुलिस ने घायल लोगो का नजदीकी अस्पताल में उपचार करवाया था। वही मामला दर्ज करते हुए बदमाशो की तलाश के लिए डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मामले में अनुसन्धान शुरू किया। टीम ने अनुसन्धान करते हुए वेंजा गाँव निवासी 19 वर्षीय मुकेश पिता लक्ष्मण कटारा व वेंजा निवासी 19 वर्षीय राहुल पिता इशालचंद कटारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने साथिओ के साथ उक्त वारदात को करना कुबूल किया। जिस पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वही दोनों आरोपियों की निशानदेही पर 3 बाल अपचारियो को भी डिटेन किया।

## आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**सागवाड़ा।** अवैध संबंधों के चलते की गई मारपीट के बाद ईलाज के दौरान हुई मृत्यु के मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनेश कुमार गढ़वाल ने एक जने को आजीवन कारावास की सजा से दंड़ित किया है । न्यायाधीश गढ़वाल ने आरोपी निठाउवा थानान्तर्गत पाल निठाउवा के पीथावाला फला निवासी रमेशचन्द्र पुत्र खानिया मीणा भादस की धारा 302 व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के आरोप से दोष सिद्ध घोषित किया । अपराध धारा 302 भादस के दोरोप में आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियुक्त रमेशचन्द्र को अपराध धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के आरोप में एक वर्ष का साधारण कारावास एवं पाच हार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया। उक्त दोनों सजाएं साथ साथ में चलेगी । राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक आजाद शाह ने पैरवी की । निठाउवा थाना अंतर्गत पाल निठाउवा के पिथावाला फला निवासी लक्ष्मी लाल पुत्र उकार लाल मीणा ने 24 अक्टूबर , 2017 को दी रिपोर्ट में बताया की बाबा का लड़का रतनलाल पुत्र रकब चंद मीणा तथा पिता उकारलाल दोनों 23 अक्टूबर , 2017 की शाम हुर जी के घर के पास से जा रहे थे । परिवार के ही लक्ष्मण की पत्नी के साथ रमेश पुत्र खानिया मीणा के बीच अवैध संबंध की बात को लेकर रंजिश चल रही थी । उक्त रंजिश को लेकर रमेश मीणा , प्रभु पुत्र हुरजी , हरजी पुत्र धनिया , शंकर पुत्र खानिया , प्रकाश पुत्र तेजू , तेजू पुत्र गोपाल , हानिया पुत्र सासिया , विरमा पुत्र धनिया मीणा सहित करीब 35 लोग तलवार , धारिया , लट्ठ लेकर हमला कर दिया एवं मारपीट की । मारपीट से रतनलाल व उकारलाल को चौंटे आई । रतनलाल को इलाज के लिए उदयपुर ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई ।

## पालिकाध्यक्ष खोडनिया के बर्थडे पर शहर को मिली स्वागतद्वार की सौगात

### गलियाकोट मार्ग पर बोहरा समुदाय बनायेगा स्वागतद्वार, शिलान्यास हुआ

**सागवाड़ा।** शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर पालिका ने स्वागतद्वार लगाने का काम हाथ में लिया था। जिसकी शुरुआत नगर पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया के बर्थडे से हुई। गलियाकोट मार्ग पर शहर का पहला स्वागतद्वार बनेगा। बोहरा समाज की ओर से बनाया जाएगा। स्वागतद्वार के निर्माण को लेकर गुरुवार दोपहर को शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शेख मुस्तफा रामपुरवाला थे।

पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि शहर में दो ओर स्वागतद्वार बनाये जाने है। जील अस्पताल और पाटीदार समाज ने स्वागतद्वार बनाने की घोषणा की थी। जल्द ही उनसे बात की जाएगी। उनकी सहमति से इसी साल काम शुरु कर दिया जाएगा।



### 24 मीटर चौड़ा और 7.30 मीटर ऊंचा होगा

गलियाकोट मार्ग पर बनने वाला स्वागतद्वार 24 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। जिससे की दोनों ओर से वाहन गुजर सके। इसकी कुल ऊंचाई 12.80 मीटर होगी। यदी स्वागतद्वार के उपर की डीजान को छोड़ दे तो इसकी ऊंचाई 7.30 मीटर होगी।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष शेख राजुमामा, शेख हुसैन बद्री, शेख मुस्तफा उज्जैनवाला, शेख अली अजगर बारूदवाला, इंजीनियर अली कोसर भाई उदयपुर, शेख अली अजगर भाई उदयपुर, बहरूद्दीन तवावाला, हुसैन तवावाला, ईओ मुकेश कुमार मोहिल, पालिका के जेईएन लोकेश पाटीदार, कांग्रेस नगर अध्यक्ष बंधु पाठक, ललित पंचाल, नानु मोड पटेल, भरत भट्ट, आदिश खोडनिया मौजूद थे

### स्वच्छता के लिएइन्हें मिला सफाई सैनिक सम्मान

नगर पालिका सागवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका के सफाई कर्मियों को सफाई सैनिक सम्मान से सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और उपाध्यक्ष शेख राजुमामा की मौजूदगी में 6 सफाई सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि शहर में सफाई को लेकर बेहतर कार्य करने वाले सफाईकर्मियों को सम्मानित करने की योजना बनाई थी। जिसके तहत प्रकाश, मुकेश, राजु, अर्जुन, प्रकाश और टार्जन को सम्मानित किया गया।

### स्वागतद्वार के लिये राज्यमंत्री खोडनिया ने बोहरा समाज के धर्मगुरु से किया था आग्रह

बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना डा. मुफद्दल सैफुद्दीन के गलियाकोट प्रवास के दौरान पूर्व राज्यमंत्री दिनेश खोडनिया ने सागवाड़ा के सौंदर्यीकरण को लेकर एक स्वागतद्वार बनाने का आग्रह किया था। दिनेश खोडनिया के आग्रह पर सागवाड़ा में एक भव्य स्वागतद्वार बनाने की घोषणा की थी।

दिनेश खोडनिया के भाई नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया के बर्थडे पर बोहरा समाज ने स्वागतद्वार बनाने का काम शुरू कर दिया है।